हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 02 □क्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि स्वच्छ भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी हैं। आज नई दिल्ली में स्वच्छ भारत मिशन के 10 वर्ष पूरे होने के □वसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों की □टूट भावना को नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता में सभी ने योगदान दिया है। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस □भियान में कई राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्री और □न्य प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।प्रधान मंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के केवल 15 दिनों में देश में 27 लाख से □धिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 28 करोड़ से □धिक लोगों ने भाग लिया।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन सभी लोगों को सलाम किया है जिन्होंने "स्वच्छ भारत" आंदोलन को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि "स्वच्छ भारत मिशन" भारत को स्वच्छ बनाने और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण सामूहिक प्रयास है।

****

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि □र्पित कर रहा है। देश भर में और विदेश स्थित भारतीय दूतावासों में □नेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज सवेरे बापू की समाधि, राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा □ध्यक्ष ओम बिरला, कई केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि □र्पित की।राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती के □वसर पर स्मरण कर रहा है।

राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, लोकसभा □ध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने विजयघाट में लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर पुष्पांजलि □र्पित की।

****

महात्मा गांधी की जयंती के □वसर पर आज चंडीगढ़ में 'ड्राई डे' मनाया जा रहा है। निर्देशों के □नुसार, गत रात 12 बजे से शराब की सभी दुकानें, बार, थोक गोदाम और □न्य आबकारी प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए थे, जो आज पूरा दिन बंद रहेंगे।

****

हरियाणा में चुनाव प्रचार □ंतिम चरण में है। सभी राजनीतिक दलों के बड़े नेता आज प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं और रोड़ शो कर रहे हैं।कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज उकलाना विधानसभा हलके में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया और कांग्रेस को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर झूठ बोलकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। श्री नायब सिंह ने कहा कि कांग्रेस शासित प्रदेशों में कांग्रेस द्वारा दी गई गारंटियां □भी तक पूरी नहीं की गईं और □ब हरियाणा के लोगों को लुभाने का प्रयास किया जा रहा है।उन्होंने प्रदेश में तीसरी बार बी.जे.पी की सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि सरकार बनने पर हरियाणा का तीव्र गति से विकास किया जायेगा।उधर आज कुरुक्षेत्र के सेक्टर 10 से थानेसर से बी.जे.पी प्रत्याशी सुभाष सुधा के समर्थन में पूर्व केंद्रीय मंत्री □नुराग ठाकुर और सांसद नवीन जिंदल ने रोड शो निकाला। ट्रैक्टर ट्रालियों और गाड़ियों के काफ़िले के साथ रोड शो शहर के मुख्य रास्तों और चौराहों से होकर गुज़रा। काफ़िले के साथ भारी संख्या में जन समूह मौजूद रहा।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी आज जुलाना और बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्रों में और जननायक जनता पार्टी एवं आज़ाद समाज पार्टी गठबंधन, गुहला, उचाना कलां, नलवा और डबवाली में जनसभाएं कर रहे हैं।वहीं आम आदमी पार्टी के मनीष सिसोदिया हिसार और हरपाल सिंह चीमा नलवा में रोड शो करेंगे।

****

चंडीगढ़ के सेक्टर 16 स्थित सरकारी मल्टीस्पेशलिटी □स्पताल में कल राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया। इस □वसर पर रक्तदान शिविरों के आयोजन

में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले संगठनों को सम्मानित किया गया। शिविर का आयोजन □स्पताल के रक्त केंद्र द्वारा किया गया । उस □वसर पर मुख्य □तिथि चंडीगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक डॉ. सुमन ने जरूरतमंद मरीजों के लिए विश्वसनीय और सुरक्षित रक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने में स्वैच्छिक रक्तदान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 1 □क्टूबर 2024 तक विभिन्न संगठनों के सहयोग से आयोजित रक्त दान शिविरों में 487 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया ।

****